No. of Printed Pages : 2

ई.एस.-345

02285

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2014

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

निर्देश : *(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

(ii) ***सभी*** *प्रश्नों की भारिता* ***समान*** *है।*

1. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में लिखिए :

मातृभाषा की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसके शिक्षण उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

मौखिक अभिव्यक्ति कौशल का अर्थ समझाकर उसके विकास की क्रियाओं का वर्णन कीजिए।

2. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में लिखिए :

गद्य साहित्य की विभिन्न विधाओं का नाम निर्देश कर हिन्दी निबन्ध साहित्य के विकास पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हिन्दी शिक्षण में समुन्नयन कार्य का महत्त्व बता कर शिक्षार्थियों के ज्ञान विस्तार के लिए किस प्रकार के समुन्नयन कार्य करवाए जा सकते हैं ?

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के प्रतिप्रश्न लगभग **150** शब्दों में उत्तर लिखिए :

(a) हिन्दी शिक्षक के गुणों का वर्णन कीजिए।

(b) पठन प्रकारों का वर्णन कर उनके प्रयोजन स्पष्ट कीजिए।

(c) जीवनी और आत्मकथा में अन्तर बताकर उनकी शिक्षण प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए।

(d) नाटक शिक्षण की विधियाँ बताइए।

(e) परीक्षा और मूल्यांकन में क्या अन्तर है?

(f) व्याकरण शिक्षण के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(g) हिन्दी साहित्य के इतिहास में भक्तिकाल का परिचय दीजिए।

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

अपने शिक्षण अभ्यास की अवधि में अपने द्वारा किए गए किसी क्रियात्मक शोध का विवरण प्रस्तुत कीजिए।